तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार, 23 जुलाई 2025



11 वृहद पौधारोपण महाअभियान में आज ...





12 कृषि सेवा केंद्रों का औचक निरीक्षण 4 दुकानदारों...







2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in


विरोध : कांग्रेसियों ने कहा कि पूर्व सीएम के बेटे को द्वेषपूर्ण बनाया गया निशाना

# कांग्रेस ने आर्थिक नाकेबंदी के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर दो घंटे किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय द्वारा केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार के दबाव में कांग्रेस पार्टी के नेताओं एवं

- भाजपा सरकार की कार्यशैली के विरोध में माकड़ी चौक में किया भाषणबाजी
- सवारी बसों के रूकने से आम लोग पैदल जाने के लिए हुए मजबूर

कार्यकर्ताओं पर की जा रही द्वेषपूर्ण कार्रवाई के विरोध में राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर माकड़ी तिराहा चौक पर 22 जुलाई को दो घंटे के लिए आर्थिक नाकेबंदी एवं चक्काजाम किया गया। चक्काजाम से सबसे ज्यादा सवारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

चक्काजाम के दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव राजेश तिवारी ने कहा ईडी की कार्रवाई पूरी तरह से भाजपा की बौखलाहट है। भाजपा जानती है कि वह लोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेस का मुकाबला नहीं कर सकती, इसलिए वह ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसी का दुरुपयोग कर रही है, जिससे हम डरने वाले नहीं है। ईडी भारतीय जनता पार्टी के अनुषांगिक संगठन के रूप में काम कर रही है। कांग्रेस नेताओं के खिलाफ ईडी के पास कोई ठोस सबूत नहीं है और यहां कार्रवाई केवल उन्हें परेशान करने की उद्देश्य से की जा रही है। भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके परिवार, विशेषकर उनके पुत्र चैतन्य बघेल को जानबूझकर और राजनीतिक विद्वेष के चलते निशाना बनाया जा रहा है। उनके ▶▶ शेष पेज 10 पर



### चक्काजाम में यह रहे उपस्थित

चक्काजाम में नरेश ठाकुर, जनकनंदन कश्यप, बसंत यादव, सरजू शोरी, हेमनारायण गजबल्ला, सुनील पाढ़ी, विजय ठाकुर, भुनेश्वर नागराज, रूप सिंह पोटाई, तरेंद्र भंडारी, रमाशंकर दरो, लोमेन्द्र यादव, मनोज जैन, यासीन करानी, वीरेंद्र ठाकुर, अजय सिंह रेणु, मकबूल खान, किशोर मरकाम, रोहिदास शोरी, रोमनाथ जैन, टकेश्वर सिन्हा, भोमसिंह नाग, मिथिलेश शोरी, गोमती सलाम, सुमति नेताम, अमित साहू, कमोद हिरवानी, ओमप्रकाश देवांगन, दीपक शोरी, चमन साहू, सुरेश नाग, अनमोल मांडवी, तारस सिन्हा, खोमेंद्र उईके, सोमेश सोनी, किशन साहू, बसंत साहू, नरेश तुलावी, सुजीत नाग, पवन कांगे आदि उपस्थित रहे।



### सवारी बसों के रूकने से यात्री पैदल जाने को हुए मजबूर

रायपुर से आने वाली सवारी बसें माकड़ी तिराहा के पहले रोक दिया गया था। सवारी में कांकेर और आसपास गांव के बैठे लोग पैदल जाने के लिए मजबूर हुए। पैदल जा रहे बुजुर्ग दंपत्ति तीरथ सिन्हा ने बताया कि हम रायपुर से आ रहे है और सरोना जाना था। माकड़ी आकर बस को रोक दिया, इसलिए हम लोग पैदल कांकेर जा रहे है और कांकेर से सरोना के लिए टैक्सी से जाएंगे। चक्काजाम पता नहीं कितनी देर रहेगा, इसलिए हम लोगों इस कदम को उठाने के लिए मजबूर हुए।

# जिले की टीम माह के अंत तक हो जाएगी घोषित, भाजपाइयों को है इंतजार

## कई लोग पद पाने के लिए में लगा रहे जुगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

भाजपा की जिला टीम के घोषणा जुलाई माह के अंत तक हो जाना चाहिए और पूरी तैयारी हो चुकी है। भाजपा के झंडे लगाने और दरी बिछाकर भाजपा को सींचने वालों को मौका नहीं मिला, तो बवाल मचना तय है। कई ऐसे लोग भी जुगत लगा रहे है, जो भाजपा कम अपनी तरक्की पर ज्यादा ध्यान देते है, जिसकी चर्चा चौक चौराहे पर होती रहती है। जिला की कार्यकारिणी बनाने के बाद उसको अनुमोदन करने के लिए प्रदेश संगठन के पास भेजा जाएगा, वहां से मंजूरी मिलने पर इसका ऐलान होगा। जिले में सबसे पहली कार्यकारिणी मनेंद्रगढ़ की घोषित हुई है, इसका ऐलान प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और संगठन महामंत्री पवन साय की मंजूरी के बाद किया गया है। इससे यह लगा रहा है कि जुलाई माह के अंत तक कांकेर की जिला की कार्यकारिणी की घोषणा हो सकती है। ऐसी चर्चा है कि जिला कांकेर की कार्यकारणी के गठन की तैयारी पूरी हो चुकी है और सूची भी प्रदेश स्तर पर भेजी जा चुकी है। प्रदेश से निर्देश मिलते ही सूची की घोषणा हो जाएगी। जिले में उपाध्यक्ष और मंत्री रह चुके पदाधिकारियों को प्रमोशन मिलता है या इन पदों से हटा दिया जाता है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। जाति और क्षेत्र के समीकरण को ध्यान में रखते हुए जिला कार्यकारिणी का गठन होने की संभावना जताई जा रही है। विगत समय भानुप्रतापपुर विधानसभा से जिलाध्यक्ष के अलावा एक महामंत्री, युवा मोर्चा और ▶▶ शेष पेज 10 पर



### नरहरपुर विकासखंड को देना होगा तवज्जो

कांकेर विधानसभा में नरहरपुर विकासखंड को जिस तरह से कार्यकारिणी में मौका मिलना चाहिए, उस तरह से मौका नहीं मिलने के कारण विधानसभा में नरहरपुर विकासखंड में भाजपा पीछे रही थी। इस भरपाई को पूरा करने के लिए इस क्षेत्र के भाजपा से जुड़े पुराने लोगों को मौका देने की चर्चाएं जोरो पर है। संगठन इस ओर ध्यान देता है या पहले जैसी स्थिति रहती है, सूची घोषणा के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### अंतागढ़ विकाखंड को नहीं मिला मौका

अंतागढ़ विधानसभा से महामंत्री के लिए आज तक किसी को मौका नहीं मिला है। इस पद के लिए इस बार अंतागढ़ विधानसभा से मौका दिए जाने की चर्चाएं बनी हुई है। अंतागढ़ विधानसभा को इस पद पर मौका नहीं दिया गया तो इस क्षेत्र के लोगों में नाराजगी बढ़ सकती है। विगत टीम में कांकेर और भानुप्रतापपुर विधानसभा को मौका मिल चुका है।

## खबर संक्षेप

### घोठा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन



**भानुप्रतापपुर।** विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के ग्राम घोठा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में नव प्रवेशित बच्चों का स्वागत कर उन्हें शैक्षणिक जीवन की शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दी गईं। अतिथियों ने बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। साथ ही उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे बच्चों की शिक्षा में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर जनपद सदस्य वरुण खापर्डे, पूर्व सरपंच रामप्रसाद कावड़े, गीते पटेल, शिशुपाल पटेल सहित गाँव के अन्य प्रमुख जन प्रतिनिधि अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हाई स्कूल एवं माध्यमिक शाला के शिक्षकगण भी शामिल हुए।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत


**कांकेर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कांकेर ने सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के दो प्रकरण में मृतक के परिवार को 25-25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। नरहरपुर तहसील अंतर्गत ग्राम ढोढरापहर के ठोमेन्द्र कुमार परचापी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने से उनके आश्रित राकेश तथा ग्राम साल्हेटोला निवासी अर्जुन सिंह नेताम की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी रैमोबाई नेताम को 25-25 हजार रूपए की सहायता राशि स्वीकृत की है।

# जर्जर भवन में संचालित की जा रही आंगनबाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

आंगनबाड़ी केंद्र बोगर संख्या 1 और 2 में इन दिनों बच्चों की पढ़ाई से ज्यादा उनकी जान के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। करीब 20 साल पुराने जर्जर भवन में अब तक कोई मरम्मत नहीं हुई ह।, जिससे भवन की स्थिति दिनों-दिन खतरनाक होती जा रही है।

विकासखंड भानुप्रतापपुर के आंगनबाड़ी केंद्र बोगर संख्या 01 एवं 02 के भवन की छत टपकती है, दीवारों में गहरी दरारें के कारण कभी भी मलबा गिरने की आशंका बनी रहती है। बरसात में स्थिति और भयावह हो जाती है। कमरे पानी से भर जाते हैं, बच्चों की सुरक्षा पर सीधा संकट मंडराने लगता है, साथ ही फर्श में भी बड़े बड़े गड्ढे हो गए है, जिससे बच्चो को बैठने में भी असुविधा होती है। स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने कई बार इस गंभीर विषय पर शिकायत किया है, लेकिन प्रशासन अब तक मौन है। बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए परिजन अब अपने बच्चों को केंद्र भेजने से हिचक रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि आंगनबाड़ी केंद्र को जल्द से जल्द किसी सुरक्षित भवन में स्थानांतरित किया जाए, अन्यथा यदि कोई हादसा होता है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभागीय अधिकारियों की होगी।



- टपकती छत और दरकती दीवारें बनीं जानलेवा

# देवर ने नशे में भाभी से मांगे पैसे, नहीं मिलने पर पीटा

**कांकेर।** रात को शराब के नशे में युवक घर पहुंचा और भाभी से पैसा मांगने लगा। जब भाभी ने पैसा देने से इंकार कर दिया तो उसे गाली देते हुए मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दिया। चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे पटेलपारा सिरसिदा निवासी 28 वर्षीय तेजराम साहू पिता ऐशुराम साहू ने पुलिस को बताया कि 21 जुलाई को रात साढ़े 10 बजे मेरा छोटा भाई 22 वर्षीय अजय कुमार साहू पिता ऐशु राम साहू शराब के नशे में घर आया और मेरी पत्नी गामिनी साहू से पैसा मांग रहा था। पत्नी ने देवर को बोला कि पैसा नहीं है, उसी बात को लेकर मेरी पत्नी को गाली देने लगा। मेरी पत्नी से देवर से कहा कि बेवजह गाली क्यों दे रहे हो, इस पर आक्रोश में आकर गाली देते हुए जान से मार दूंगा बोलकर मेरी पत्नी के साथ हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा। हाथ में पहने चूड़ा से मेरी पत्नी के सिर पर हमला बोल दिया, जिससे सिर पर चोट आई और दर्द से मेरी पत्नी बचाओ बचाओ चिल्लाने की आवाज दिया। चिल्लाने की आवाज सुनकर बीच बचाव करने गया तो छोटे भाई ने मेरे साथ भी मारपीट करने लगा, जैसे तैसे मैने अपना बचाव किया। छोटे भाई की ऐसी हरकत से परेशान होकर बड़े भाई छोटे भाई की शिकायत लेकर चारामा थाना पहुंचा। बड़े ▶▶ शेष पेज 10 पर


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह अगस्त 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 अगस्त से 31 अगस्त तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 जुलाई 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे
भाग्यशाली
विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर






कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ______ मो.नं. ______
पिता का नाम ______ जन्मतिथि ______
स्थान ______ जिला ______
एजेंसी का नाम ______
एजेंसी का पता ______ मो.नं. ______

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

हरिभूमि ग्राहक प्रति जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ______ मो.नं. ______
पिता का नाम ______ जन्मतिथि ______
स्थान ______ जिला ______
एजेंसी का नाम ______
एजेंसी का पता ______ मो.नं. ______


# दिन की उमस के बाद शाम को हुई बारिश, लोगों ने राहत की ली सांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

मानसून के शुरू होते ही लगातार बारिश से खेती किसानी में तेजी आई।

- गरज चमक के साथ हुई बारिश

उसके बाद कुछ दिनो तक बादल छाए रहें, लेकिन बारिश नही हुई। 22 जुलाई को सुबह से उमस बढ गई थी। दोपहर को थोड़ी धूप निकली जिससे उमस और भी बढ़ गया, जिससे आमजन परेशान होने लगे, बैचेनी सी अनुभव होने लगी थी।दोपहर के बाद शाम को 5 बजे बादल गहरा गया व तेज बारिश होने लगी। मंगलवार को सुबह से तेज उमस देखने को मिला। उमस के कारण लोग परेशान होने लगे थे। हल्की धूप ने लोगो की परेशानी और भी बढ़ा दिया। शाम को मौसम का मिजाज बदला और बादल गहरा गए। शाम लगभग 4 बजे से हल्की बारिश होने लगी और 5 बजते ही तेज बारिश की शुरूआत हो गई जो करीबन 1 घंटा तक चली। बारिश के कारण लोगों ने राहत की सांस लिया। वेदर सिस्टम कमजोर पड़ने के कारण अंचल में पिछले चार दिनों से बारिश का दौर थमा था। बारिश नहीं होने से वातावरण में उमस बढ़ी है। दिन और रात के तापमान में उछाल आया है, जिससे लोग गर्मी से परेशान हैं। मंगलवार सुबह से अंचल के आसमान में बादलों की आवाजाही जारी है। दोपहर के समय घने बादल छाए हैं। वहीं ग्रामीण इलाकों में अचानक मौसम बदला और बारिश शुरू हुई।



### बारिश के बाद गिरा तापमान

कांकेर में हुई बारिश ने गर्मी से राहत दिलाई, तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने पूरे हफ्ते हल्की बारिश का पूर्वानुमान जताया है, जिससे तापमान में और कमी आने की संभावना है। हवा की गुणवत्ता संतोषजनक बनी हुई है, जिससे लोगों को प्रदूषण से भी राहत मिली है। नए हफ्ते के दूसरे दिन बारिश ने कांकेर वालो को गर्मी से राहत दिलाई। इस बारिश और हवा की रफ्तार बढ़ने के साथ अधिकतम तापमान में गिरावट देखने को मिला। आगे भी बादल छाए रहेंगे और हल्की से सामान्य स्तर की बारिश होने की उम्मीद है।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444


### दो व्यक्ति को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पुलिस ने दबोचा

**कांकेर।** चारामा पुलिस ने छापामार कार्यवाई करते हुए सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते हुए दो व्यक्ति को पकड़ा। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला था कि दो व्यक्ति बैठकर मदिरा सेवन कर रहें है। पुलिस ने 21 जुलाई को शाम 7 बजे ग्राम पुरी जाने वाले मार्ग सिरसिदा के पास छापामार कार्रवाई की गई। आरोपी भैसाकन्हार निवासी 32 वर्षीय शत्रुघन बोगा पिता विश्वनाथ बोगा व भैंसाकन्हार निवासी 31 वर्षीय गंजन उइके पिता फतेसिंग उइके को पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से एक नग सिम्बा स्ट्रांग बियर का बॉटल, एक नग सिम्बा स्ट्रांग बियर का खाली बॉटल, दो नग प्लास्टिक का डिस्पोजल गिलास को जब्त कर धारा 36 (च) 1 आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## खबर संक्षेप

### सामान्य सभा की बैठक अब 30 को

कोण्डागांव। जिला पंचायत कोंडागांव के सामान्य सभा की बैठक 23 जुलाई दिन बुधवार को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में निर्धारित था, जिसे संशोधित करते हुए 30 जुलाई को किया गया। उक्त बैठक में सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को एजेण्डावार अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है।

### पोस्टमैट्रिक छात्रावास की छात्रा हुई गर्भवती

जगदलपुर। बीजापुर जिले के भोपालपट्नम तहसील मुख्यालय स्थित पोस्टमैट्रिक छात्रावास की 12वीं कक्षा की छात्रा के गर्भवती होने का मामला सामने आया है। इससे जिले में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार भोपालपट्नम से लगभग 15 किलोमीटर दूर के एक गांव की छात्रा भोपालपट्नम के आश्रम में रहकर पढ़ाई कर रही है। 11वीं पास के बाद वह 12वीं कक्षा में पढ़ रही है। बीईओ पी विनय कुमार ने बताया कि अधीक्षिका से मिली जानकारी के अनुसार अप्रैल में वह अपने गांव चली गई थी। कुछ दिन पहले आई थी। आश्रम आने के बाद वह बीमार हो गई। सांस फूलने से उसे अस्पताल ले जाया गया। फिर जिला अस्पताल बीजापुर रेफर किया गया । जांच परीक्षण के बाद 3 माह की गर्भवती होना पाया गया। उसके मां बाप को बुलाकर छात्रा को सौंप दिया गया है। छात्रा ने बताया है कि उसके गांव के एक लड़के से प्रेम प्रसंग के चलते वह गर्भवती हुई है। इस संबंध में मद्देड़ के एसडीओपी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, जिसकी पड़ताल की जा रही है।

### डीएवी में हुई पाठ्यक्रम गतिविधियां

जगदलपुर। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल आड़ावाल में शनिवार को सह पाठ्यक्रम गतिविधियां कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुई। कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता, कबाड़ से जुगाड़ और नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन प्रमुख रूप से किया गया। जिसमें चारों हाउस (रेड, ग्रीन, येलो, ब्लू) के बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने रंगों के माध्यम से अपनी कल्पनाओं को प्रस्तुत किया। कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अनुपयोगी वस्तुओं का उपयोग कर सुंदर और उपयोगी वस्तुएं तैयार कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वहीं नृत्य प्रतियोगिता ने कार्यक्रम में उमंग भर दिए, जिसमें बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य शैलेश कुमार ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुआ।

### साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विकास कार्यों की हुई समीक्षा

बीजापुर। कलेक्टर संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं का जमीनी स्तर पर व्यापक क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिसके तहत पात्र हितग्राहियों को शासन के योजनाओं से जोड़ने, महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार के तहत गांवो का सर्वे सैचुरेशन शिविर के माध्यम से हुई प्रगति की समीक्षा करते हुऐ ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उनके आवश्यक दस्तावेज बनाने को कहा गया। सुदूर क्षेत्रों में बिजली, पानी, राशन दुकान, स्कूल, आंगनबाड़ी भवन सहित निर्माणधीन अद्योसंरचना की जानकारी ली। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुऐ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आत्मसमर्पित नक्सलियो के पुनर्वास एवं शासन के योजनाओं से जोड़ने पर बल देते हुऐ उनके लिए पुनर्वास नीति के तहत की जाने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी ली।

# कोंडागांव में कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

## कोंडागांव कलेक्टर ने केशकाल और बड़ेराजपुर के ग्रामीणों से की सीधी बात

हरिभूमि न्यूज : कोण्डागांव

राज्य शासन आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में, कोंडागांव जिला प्रशासन जनदर्शन कार्यक्रमों के माध्यम से जनता की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत है। इस पहल को और अधिक प्रभावी तथा सुलभ बनाने के उद्देश्य से, कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज जिला कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केशकाल और बड़ेराजपुर विकासखंड के ग्रामीणों की समस्याएँ सुनीं। इस पहल से दूरस्थ अंचलों के निवासियों को जिला मुख्यालय आने की आवश्यकता नहीं पड़ी, जिससे उनके समय और धन दोनों की बचत हुई। कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केशकाल जनदर्शन में उपस्थित आम नागरिकों की समस्याएँ सुनीं। इनमें प्रमुख रूप से ग्राम सालेभाट की अंजू नेताम ग्राम सभा की बैठक के लिए शेड निर्माण की मांग, ग्राम सालेभाट के सोहनलाल अधिक बिजली बिल की शिकायत, ग्राम निराछिंदली के लक्ष्मण सिंह गावड़े सड़क निर्माण की मांग, ग्राम टेंवसा निवासी सोनसिंह शोरीरू वन अधिकार पत्र की मांग।



### साप्ताहिक जनदर्शन में प्राप्त आवेदन और निर्देश

इसी प्रकार, कलेक्टर ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में भी आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके आवेदनों पर त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। आज कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें विभिन्न मांगें और समस्याएँ शामिल थीं। ग्राम बांसगांव निवासी बजूराम नेतामरू बांसगांव में नवीन उप–स्वास्थ्य केंद्र की मांग, इस पर कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया, ग्राम बांसगांव के ग्रामीण नवीन हायर सेकेंडरी विद्यालय की मांग, कोंडागांव निवासी सुखदेव सिंह बस्सनरू एनएच 30 पर लाइट और सड़क मरम्मत की मांग, ग्राम कचोरा निवासी पीलसाय पोयामरू गांव में सोलर पावर प्लांट स्ट्रीट लाइट की मांग, मत्स्य पालन हेतु तालाब लीज पर देने की मांग, वन अधिकार पत्र से संबंधित मामले, मोबाइल टावर की आवश्यकता, और कई राजस्व प्रकरण। यह पहल जिला प्रशासन द्वारा जनता की समस्याओं को समझने और उनका प्रभावी ढंग से समाधान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## आयोजन : कार्यशाला में लीगल क्लीनिक और थाना स्तर के वालिंटियर्स शामिल

# कोंडागांव में पैरालीगल वालिंटियर्स को मिला एक दिवसीय मासिक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज : कोण्डागांव

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोण्डागांव की अध्यक्ष श्रीमती किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव, गायत्री साय की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कोंडागांव और नारायणपुर जिलों के समस्त थाना और लीगल एड क्लीनिक में पदस्थ पैरालीगल वालिंटियर्स ने भाग लिया।

- मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया मार्गदर्शन

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पैरालीगल वालिंटियर्स को विधिक सहायता, जनजागरूकता, मध्यस्थता, बाल एवं महिला अधिकार, वरिष्ठ नागरिकों का संरक्षण, मानव तस्करी रोकथाम, और पीड़ितों के पुनर्वास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षित करना था। साथ ही, नालसा और सालसा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विधिक सेवाओं की पहुंच और न्याय तक सबकी समान पहुंच सुनिश्चित करते हुए ग्रामीण एवं आंतरिक स्तरों पर प्रचार–प्रसार कर लोगों की सहायता करना भी इसका लक्ष्य रहा।



**ये रहे उपस्थित-** इस अवसर पर प्रतिधारक अधिवक्ता और मेडिएटर अधिवक्ता सुरेंद्र भट्ट ने भी मध्यस्थता की जानकारी देते हुए इसे आम नागरिकों तक अधिक से अधिक प्रचार करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यशाला में समस्त पैरालीगल वालिंटियर उपस्थित रहे।

### समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का आह्वान

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेशमा बैरागी पटेल ने अधिकार मित्रें को संबोधित करते हुए उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पैरालीगल वालिंटियर्स समाज के उन अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने में सेतु का कार्य करते हैं, जिन्हें विधिक जानकारी या सहायता की आवश्यकता होती है। यह कार्य सेवा और समर्पण का परिचायक है। उन्होंने समाज के वंचित, निर्धन और हाशिए पर स्थित लोगों तक निःशुल्क विधिक सहायता पहुंचाने के लिए जोर दिया।

### जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश

सचिव गायत्री साय ने भी अपने–अपने कार्य क्षेत्रें में विधिक साक्षरता शिविरों के माध्यम से व्यापक रूप से विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नालसा और सालसा की समस्त योजनाओं से आमजनों को लाभ दिलाने में मदद करने तथा 13 सितंबर 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत के संबंध में व्यापक प्रचार–प्रसार करने का निर्देश दिया। विशेष दिवसों पर स्कूलों, सामुदायिक स्तरों, ग्राम पंचायतों और हाट बाजारों में भी अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार करने के लिए समस्त पैरालीगल वालिंटियर्स को निर्देशित किया गया, ताकि कोई भी व्यक्ति न्याय पाने से वंचित न रहे।

# देखरेख के अभाव में नगर का कांजी हाउस हो रहा खंडहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव



बारिश का मौसम शुरू होते ही तमाम सड़कों पर आवारा मवेशियों की भरमार के कारण आये दिन दुर्घटनाएं हो रहीं हैं। बाजार वाले क्षेत्रों के साथ साथ मेन रोड में इन मवेशियों के कारण यातायात व्यवस्था काफी प्रभावित होने लगी है। इसे देखते हुए कोंडागांव कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने जिले के नगर पालिका, नगर पंचायत के सीमा क्षेत्र की सड़कों पर आवारा घूम रहे मवेशियों के गले में चमकीला रेडियम लगाने के साथ आवारा मवेशियों की धरपकड़ करने के निर्देश दिए गाए है। उन्होंने कहा है कि उच्च न्यायालय का आदेश है कि सड़कों को मवेशियों से मुक्त रखा जाए। साथ ही आवारा मवेशियों को रखने के लिए कांजी हाउस को दुरुस्त करने का निर्देश जारी हुआ है। यहां चारे और पानी की समुचित व्यवस्था करने कहा गया है। लेकिन नगर पंचायत फरसगांव के वार्ड क्रमांक 09 में स्थित कांजी हाउस देख रेख के अभाव में खंडर में तब्दील हो रहा है। कांजी हाउस के सामने का दीवार टूट गई है, दरवाजा गायब है ,यही नहीं कांजी हाउस के अन्दर मिट्टी का ढेर पड़ा हुआ है, कांजी हाउस के अन्दर में बड़े बड़े पेड़ पौधे उग गए है। अब ऐसे में नगर पंचायत द्वारा नगर आवारा मवेशियों पकड़ लेगे तो उन्हें कहा रखेंगे। हालांकि इस संबंध में नगर पंचायत सीएमओ मयंक बसन्तवानी से फोन में माध्यम से पूछने पर उन्होंने बताया कि कलेक्टर के निर्देशों का पालन करते हुए नगर पंचायत फरसगांव द्वारा मुनादी कर मवेशी मालिकों को अपने मवेशियों को संभालकर रखने कहा गया है यदि कोई भी मवेशी आवारा घूमते पाए जाने पर उनके मालिकों पर जुर्माना की कार्रवाई की जायेगी। वहीं नगर पंचायत फरसगांव में अंतर्गत पासंगी में एक गौठान और एक कांजी हाउस है। जिसमें आवारा मवेशियों को रखने की व्यवस्था है। वहीं नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 09 में भी एक कांजी हाउस है। मैं कल ही जाकर उस जगह को देखकर समुचित व्यवस्था करने की कोशिश करूंगा । ताकि आवारा मवेशियों को रखने में कोई परेशानी न हो ।

- कांजी हाउस की टूटी है दीवार, दरवाजा गायब और उग आए हैं पेड़

# महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने आईएफसी क्लस्टर पर हुई कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज : कोण्डागांव



जिला पंचायत कोण्डागांव के सभाकक्ष में दिनांक 17 जुलाई 2025 को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत आईएफसी क्लस्टर कार्यशाला सह समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई के मार्गदर्शन में और विनय सिंह, जिला मिशन प्रबंधक बिहान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

- जिले की आजीविका गतिविधियों से जुड़ेंगे 4 हजार 400 परिवार

इस कार्यशाला में जिले के सभी जनपदों के विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक एवं नव नियुक्त आईएफसी एंकर उपस्थित रहे। बैठक में आईएफसी क्लस्टर की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए संबंधित ग्राम पंचायतों में चल रही आजीविका गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि जिले के विभिन्न विकासखण्डों के अंतर्गत कुल 4400 परिवारों को आईएफसी क्लस्टर योजना से जोड़ा जाएगा। इनमें शामिल बड़ेराजपुर विकासखण्ड के 600 परिवार ग्राम पंचायत परोदा, मैनपुर, चिचाड़ी, कौंदकेरा आदि और केशकाल विकासखण्ड के 900 परिवार जिसमें ग्राम पंचायत बहीगांव, अड़ेगा, सिकागांव और कोण्डागांव विकासखण्ड के 1000 परिवार जिसमें ग्राम पंचायत उमरगांव, दहिकोंगा, बाखरा और माकड़ी विकासखण्ड के 1000 परिवार जिसमें ग्राम पंचायत बेलोंडी, अनतपुर, शामपुर, वहीं फरसगांव विकासखण्ड अंतर्गत जिसमें ग्राम पंचायत लंजोड़ा, सिरपुर, हाटचपई आदि गांव के 900 परिवारों को शामिल किया जाएगा। इन गांवों में सब्जी उत्पादन, मक्का उत्पादन, पोल्ट्री समेत विभिन्न कृषि आधारित आजीविका गतिविधियाँ संचालित की जाएगी।

### प्रत्येक क्लस्टर में लाईवलीहुड सर्विस सेंटर की स्थापना

इस पहल का मुख्य उद्धेश्य महिला किसानों की आय में वृद्धि करना है। इसके लिए उड़ान महिला कृषक प्रोड्यूसर कम्पनी चिखलपुटी, मांझीगढ़ महिला कृषक प्रोड्यूसर कम्पनी विश्रामपुरी के सहखाद, बीज और आवश्यक कृषि सामग्री उचित दरों पर उपलब्ध कराई जाएगी। प्रत्येक क्लस्टर में लाईवलीहुड सर्विस सेंटर की स्थापना कर गांव स्तर पर समन्वित रूप से कार्य करने की रणनीति बनाई गई है। इसके माध्यम से महिला समूहों को लखपति दीदी के रूप में उभरने के लिए विशेष मार्गदर्शन व सहयोग प्रदान किया जाएगा।

### अगले तीन वर्षों की कार्ययोजना तैयार

कार्यशाला में अधिकारियों ने अगले तीन वर्षों की कार्ययोजना तैयार कर मिशन के अनुसार कार्य करने पर जोर दिया गया। बैठक के अंत में मिशन प्रबंधक द्वारा सभी प्रबंधकों और एंकरों से अपेक्षा जताई गई कि वे समर्पण भाव से ग्रामीण आजीविका को मजबूत करें।

# पार्टी पिछड़ा वर्ग समाज के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक उत्थान के लिए संकल्पबद्धः लता उसेंडी

हरिभूमि न्यूज : कोण्डागांव




आगामी 29 जुलाई 2025 को कांकेर में आयोजित होने वाले बस्तर संभाग स्तरीय पिछड़ा वर्ग सम्मेलन की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा आज भाजपा जिला कार्यालय कोंडागांव में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री लता उसेंडी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी पिछड़ा वर्ग समाज के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक उत्थान के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने सम्मेलन को जनजागरण का सशक्त माध्यम बताते हुए इसे ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, जातीय जनगणना में पिछड़ा वर्ग को उनका हक दिलाने एवं सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

बैठक में टिकेश्वर जैन ने कहा कि भाजपा ही वह पार्टी है जिसने पिछड़ा वर्ग को एक मजबूत मंच प्रदान किया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि कांकेर सम्मेलन, समाज की एकता, जागरूकता और संगठन शक्ति का प्रतीक बनेगा। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री ओ.पी. चौधरी, पूर्व मंत्री केदार कश्यप एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती किरण देव की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

- कोंडागांव में हुई भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक
- कांकेर सम्मेलन की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा

***सैकड़ों कार्यकर्ता रहे मौजूद-*** *इस बैठक में बस्तर संभाग कार्यक्रम प्रभारी हेमराज सोनी, जिला अध्यक्ष सेवक राम नेताम, दीपेश अरोरा, आकाश मेहता, मनोज साहू, चंदन साहू, नरपति पटेल, बालकुंवर प्रधान, दयाराम पटेल, विभिन्न मंडल अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारी, सहित पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा, संगठनात्मक जिम्मेदारियाँ, प्रचार–प्रसार एवं अधिक से अधिक सहभागिता को लेकर रणनीतियाँ तैयार की गईं। सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर सम्मेलन को सफल और ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।*

## योजनाओं की प्रगति पर कलेक्टर ने जताई गहरी चिंता

# खाद-बीज की कमी नहीं होनी चाहिए, किसानों की जरुरत प्राथमिकता मेंः नूपुर पन्ना

हरिभूमि न्यूज : कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज साप्ताहिक समय सीमा में जिले में खाद एवं बीज की उपलब्धता और वितरण की समीक्षा की और कहा कि किसानों को पर्याप्त खाद बीज उपलब्ध हो। साथ ही शासन की महती योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी गंभीरता के साथ करने और पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में विकासखंडवार राशन वितरण की जानकारी की और शेष राशनकार्डधारियों का ई-केवायसी कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश खाद्य अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के प्रगति की जानकारी ली और आवास निर्माण में आ रही दिक्कतों का निराकरण करने और प्रगति लाने पर जोर दिया। कलेक्टर ने जिला अस्पताल के सभी मरम्मत कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने को कहा। साथ ही श्रम विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि श्रमिकों की पंजीयन में प्रगति लाएं, मृत्यु एवं दिव्यांग स्थिति में शासन की योजनाओं का लाभ दिलाएं। उन्होंने सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान में तेजी लाने को कहा। वाटर शेड के कार्योंर् की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्योंर् को पूरा करने हेतु निर्देशित किया।

- वाटरशेड की धीमी प्रगति पर नाराजगी स्वास्थ्य और सड़क सुरक्षा को लेकर निर्देश जारी



***अधिकारीगण रहे उपस्थित-*** *बैठक में इसके अलावा अस्पताल भवन निर्माण कार्य, पुल पुलिया निर्माण, आंगनबाड़ी भवन के विद्युतीकरण कार्य, अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के लिए भवन निर्माण कार्य, बायपास मार्ग में विद्युतीकरण कार्य सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।*

# विश्व आदिवासी दिवस मनाने आदिवासी समाज की बैठक

हरिभूमि न्यूज : भोपालपटनम

बीजापुर स्थित गोंडवाना भवन में रविवार को विश्व आदिवासी दिवस को हर्षोल्लास पूर्वक मनाए जाने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जग्गूराम तेलामी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सभी समाज प्रमुखों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।

बैठक में पिछले वर्ष के विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की गई। तत्कालीन आयोजन समिति ने बीते वर्ष के कार्यक्रम से जुड़े व्यय का पूरा ब्यौरा भी समाज प्रमुखों के समक्ष प्रस्तुत किया। समाज प्रमुखों ने बताया कि इस साल रक्षाबंधन का त्यौहार होने के कारण आम सभा के कार्यक्रम में आंशिक बदलाव किए जाने की चर्चा हुई। हालांकि, आम रैली और सामूहिक नृत्य जैसे पारंपरिक कार्यक्रम पहले की तरह ही आयोजित करने पर सर्वसम्मति बनी है। यह निर्णय आदिवासी समुदाय की सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने और पर्व को भव्यता से मनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। समाज प्रमुखों ने जानकारी दी कि आगामी 24 जुलाई को दोपहर 2:30 बजे विश्व आदिवासी दिवस आयोजन समिति 2025 के गठन को लेकर एक और महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में अगले वर्ष के आयोजन की रूपरेखा भी तय की जाएगी।

इस महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न समाजों के प्रमुखों ने हिस्सा लिया, जिनमें हल्बा समाज के बीआर साहनी, मुरिया समाज के तेलम पाण्डुराम, उरांव समाज के पीआर भगत, कंवर समाज के कमलेश पैंकरा, गोंडवाना समन्वय समिति के अमित कोरसा, गोंड समाज के कामेश्वर दूब्बा, कुडुक उरांव समाज के जूलियस तिर्की सहित बीएल पुजारी, पाकलू तेलाम, सतीश मंडावी और अन्य समाज प्रमुख शामिल थे।

## पेज 9 के शेष

### कांग्रेस ने आर्थिक...

खिलाफ एक भी पुख्ता सबूत नहीं है। यह सब केवल कांग्रेस को कमजोर करने की साजिश है और ऐसी दमनकारी कार्रवाई से कांग्रेस डरने वाली नहीं है।

यह लोकतंत्र पर हमला है, लेकिन हम पीछे हटने वाले नहीं है। कांग्रेस हर मोर्चे पर भाजपा और उसकी कठपुतली एजेंसियों का मुकाबला करेगी। सभा को सुभद्रा सलाम, बीरेश ठाकुर, हेमंत ध्रुव, नरेन्द्र यादव सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।

### जिले की टीम...

महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष दिया गया था, परंतु भानुप्रतापपुर विधानसभा में विधानसभा और लोकसभा में हार का मुँह देखना पड़ा। भानुप्रतापपुर विधानसभा में भाजपा की स्थिति सुधरे, इसलिए इधर नए चेहरों पर दांव लगाया जाएगा या पुराने चेहरों के पदों को बदला जाएगा, आने वाला समय ही बताएगा।

### देवर ने नशे...

भाई की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी छोटे भाई अजय कुमार साहू के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप



### सरोना क्षेत्र में वृहद पौधारोपण की तैयारी तेज

**सरोना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिले में 23 जुलाई को एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत जिला स्तरीय वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में आज जनपद पंचायत नरहरपुर के सरोना क्षेत्र में सरपंच व सचिवों ने पौधारोपण के लिए पौधों की व्यवस्था सुनिश्चित की। वन विभाग सरोना की नर्सरी से विभिन्न ग्राम पंचायतों के लिए पौधे गाड़ियों में लोड कर गांवों के लिए रवाना किए गए। इस पहल के तहत प्रत्येक गांव में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। सरोना क्षेत्र के सरपंचों और सचिवों ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह गांव के वातावरण को स्वच्छ और शुद्ध बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने कहा कि /"पौधे लगाना केवल पर्यावरण संरक्षण ही नहीं, बल्कि अपनी मां के प्रति सम्मान और प्रेम प्रकट करने का एक अनोखा माध्यम है। इस अवसर पर राजेश कुंजाम, मनु राम शोरी, खमनन कांगे, दिनेश कुमार भुअर्य, प्रफुल्ल साहू, सिमेंद्र रावटे व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### विहिप और बजरंग दल की बैठक हुई आयोजित



**बासनवाही।** नरहरपुर प्रखण्ड के जामगांव खंड में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में बजरंग दल के जिला सह मंत्री धर्मेंद्र सुरुजिया ने मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक में दो प्रमुख निर्णय लिया, जिसमें अगस्त माह तक खंड समिति का गठन पूर्ण करना, संगठन विस्तार को लेकर चर्चा और विश्व हिन्दू परिषद स्थापना दिवस के कार्यक्रमों को खंड स्तर पर आयोजित करने की योजना बनाई गई। इस अवसर पर विहिप के प्रखण्ड, संयोजक रोशन बघेल और प्रखण्ड मंत्री मनीष बघेल, प्रखण्ड सह मंत्री गौरव शोरी, प्रखण्ड गौ रक्षा प्रमुख सुरेंद्र बघेल, महेश कौशिक और सतीश राठौर सहित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के सदस्य शामिल हुए।

### घायल महिला की मौत चालक पर जुर्म दर्ज

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत तारगांव के महिला की सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 17 मार्च को मृतिका तारगांव निवासी 58 वर्षीय शंकुनतला निषाद पति सुकडूराम निषाद साबुन खरीदने के लिए लगभग 1 किलो मीटर दूर गांव के किराना दुकान गई थी। साबुन खरीद कर वापस आने के दौरान पड़ोसी हिरामन निषाद अपने वाहन क्रमांक सीजी 19 बीयू 5026 में पीछे बैठाकर तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते ला रहा था। इसी दौरान सुबह लगभग साढ़े 11 बजे तारसगांव में ही मोहन शोरी घर के पास चलती वाहन से मृतिका सिर के बल रोड पर गिरी। जिससे उसके सिर के पीछे भाग पर गंभीर चोट लगा। इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसका मौत हो गया। एक्सीडेंट से आई से चोट के कारण मौत होना पाए जाने पर पुलिस ने आरोपी वाहन सीजी 19 बीयू 5026 का चालक हिरामन निषाद के खिलाफ धारा 106 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## आयोजन: समयसीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

# वृहद पौधारोपण महाअभियान में आज सभी अधिकारी अनिवार्यतः बनें सहभागीः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक लेकर लंबित एवं अपूर्ण कार्यों की प्रगति की कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने समीक्षा की और साथ ही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत आज बुधवार 23 जुलाई को वृहद पौधरोपण महाअभियान का आगाज किया जाएगा, जिसमें सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से सहभागी बनकर अपने कार्यालयीन परिसरों को हरा-भरा बनाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में बताया कि जिला एवं ब्लॉक स्तर के शासकीय कार्यालयों के अलावा सभी पंचायतों तथा रिक्त स्थानो में बड़े पैमाने पर पौधे लगाए जाएंगे, जिसमें जनप्रतिनिधियों व आम जनता को भी इसके लिए आग्रह किया जाएगा। जिले के कई स्कूल एवं छात्रावास परिसरों में पेड़ का अभाव है, ऐसे स्थानों में अभियान चलाकर सघन पौधरोपण किया जाए। इसके लिए देशी प्रजाति के पौधों को प्राथमिकता देने की बात उन्होंने कही। कलेक्टर ने कहा कि पौधरोपण अभियान के लिए वन एवं उद्यानिकी विभाग से पौधे प्रदाय किए जाएंगे। बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को ई-ऑफिस के माध्यम से सभी शासकीय कामकाज संचालित एवं क्रियान्वित किए जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में समस्त प्रकार के शासकीय अभिलेखों एवं नस्तियों से संबंधित कार्य ई-ऑफिस के माध्यम से ही अनिवार्यतः किया जाएगा और साथ ही सभी अधिकारियों को जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय संबंधी कार्य पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य शासन द्वारा रजत जयंती वर्ष के तौर पर मनाया जा रहा है। इसके तहत जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने सभी जिला स्तर के अधिकारियों को निर्धारित विषय के अनुरूप कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी ने बताया कि इसके तहत विभागीय कार्यक्रमों की रूपरेखा राज्य शासन द्वारा जारी की गई है, जिसमें 15 अगस्त 2025 से 31 मार्च 2026 तक 25 सप्ताह तक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम तथा गतिविधियां विभागवार आयोजित की जाएंगी। उन्होंने विभाग प्रमुखों को तैयारियां प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएफओ रौनक गोयल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### विभिन्न निर्माण कार्यों की किया समीक्षा

बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान नियद नेल्लानार योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, विशेष केन्द्रीय सहायता मद 2022-23 एवं 2024-25, पोषण पुनर्वास केन्द्र, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान केडिट कार्ड, जिले में खाद एवं बीज का वितरण, प्रधानमंत्री वय वंदना योजना सहित विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्यों तथा विभागीय प्रकरणों की समीक्षा की गई।

## नारायणपुर और कन्हारगांव में पेयजल आपूर्ति की मांग सर्वे के लिए की अपील



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

खंडी नदी से नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में हो रही पानी की सप्लाई को लेकर नारायणपुर और ग्राम कन्हारगांव के नागरिकों ने भी अपने गांवों तक पेयजल आपूर्ति की मांग उठाई है। इस संबंध में नारायणपुर और ग्राम कन्हारगांव के नागरिकों ने नगर पंचायत के सीएमओ से मुलाकात कर दोनों गांवों में पाइपलाइन बिछाने और जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सर्वे करवाने की मांग की गई। गांववासियों का कहना है कि जब खंडी नदी से भानुप्रतापपुर को जल आपूर्ति की जा रही है, तो आसपास के गांवों को भी इसका लाभ मिलना चाहिए। प्रशासन से मांग की गई है कि शीघ्र ही तकनीकी सर्वे कर आवश्यक कार्यवाही की जाए, जिससे ग्रामीणों को भी शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। प्रतिनिधिमंडल में जनपद सदस्य वरुण खापर्डे, नारायणपुर सरपंच भेनू दुग्गा, कन्हारगांव सरपंच विमला गोटा, उपसरपंच यामिनी जैन, पंच शिशुपाल पटेल सहित दोनों गांवों के कई नागरिक उपस्थित रहे।

### प्रबंधकारिणी समिति की बैठक 26 को

**कांकेर।** जिला खनिज संस्थान न्यास निधि अंतर्गत प्रबंधकारिणी समिति की बैठक कलेक्टर सह अध्यक्ष निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में 26 जुलाई को 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कलेक्टर ने उक्त बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्धारित समय में उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया है।

# आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 27 को जिले में बनाए गए 39 परीक्षा केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- परीक्षार्थी को लगभग 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में होगा पहुंचना

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आबकारी आरक्षक के रिक्त पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा एबीए-25 का आयोजन 27 जुलाई रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे से किया जाएगा। भर्ती परीक्षाओं के आयोजन से संबंधित व्यापम द्वारा जारी नए नियमों एवं निर्देशों की जानकारी देने प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा केन्द्र प्रमुखों व इसमें ड्यूटीरत कर्मचारियों को प्रशिक्षण नियम-निर्देशों की बारीकियों से अवगत कराया गया। आयोजित प्रशिक्षण के दौरान जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बताया गया कि व्यापमं द्वारा जारी नए निर्देशानुसार परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी लगभग 2 घंटा पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहें, जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान की जा सके एवं फ्रिस्किंग के उपरांत परीक्षा केन्द्र में जाने के लिए अनुमति दी जा सके। परीक्षार्थी परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भलीभांति परिचित हो। प्रवेश पत्र पर अंकित समय के पश्चात किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। व्यापम द्वारा नए निर्देशों के हवाले से बताया गया कि अभ्यर्थी प्रवेश पत्र प्रिंट आउट लेकर परीक्षा केन्द्र में जाएं, परीक्षार्थियों को डाकघर के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जाएगा। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र के संबंध में कठिनाई होती है तो हेल्पलाइन नंबर 0771-2972780 एवं मोबाइल नंबर 8269801982 पर प्रातः 10 बजे सायं 5.30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। यह भी निर्देश जारी किया गया कि परीक्षार्थियों को अपना फोटोयुक्त मूल आईडी जैसे मतदाता पहचान पत्र, ड्रायविंग लायसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट, विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र, फोटोयुक्त अंकसूची मूलरूप में फोटोकॉपी मान्य नहीं परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिले में 39 परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इसमें जिले के 9140 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। इसके लिए नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर को नियुक्त किया गया है, जबकि सहायक नोडल के तौर पर सहायक संचालक शिक्षा विभाग लक्ष्मण कावड़े को नियुक्त किया गया है।

### आधी बांह वाले कपड़े, आभूषण रहित कान और पैरों में चप्पल के साथ आना होगा



व्यापम द्वारा जारी निर्देशानुसार परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 02 घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचें ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने 15 मिनट पूर्व अर्थात प्रातः 10.30 बजे परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वारा बंद कर दिया जाएगा। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आए और साथ ही फुटवियर के रूप में चप्पल पहनें और कानों में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घंटा में एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधा घंटा में परीक्षा कक्ष से बाहर जाना वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है।

# डॉक्टरों की कमी से बेहाल हुआ पखांजूर का सिविल अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर



जिले के पखांजूर स्थित 100 बिस्तरों वाले सिविल अस्पताल में डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की भारी कमी के चलते क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई हुई है। यह अस्पताल परलकोट क्षेत्र का एकमात्र बड़ा अस्पताल है, जो आसपास के लगभग 300 गाँवों की स्वास्थ्य ज़रूरतों को पूरा करता है। मौजूदा स्थिति यह है कि अस्पताल में मात्र 3 डॉक्टर कार्यरत हैं, जबकि स्त्रीरोग, बाल रोग, हड्डी रोग, त्वचा रोग, नेत्र रोग, सहित अन्य कई रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक तैनाती नहीं है, जिस कारण मरीजों को कांकेर, जगदलपुर, रायपुर रेफर किया जा रहा है। पखांजूर सिविल अस्पताल में डॉक्टर एवं कर्मचारियों की कमी क्षेत्र वासियों की ज्वलंतशील समस्या बनी हुई है। इसे निजाद के लिए सरकार और स्वास्थ्य विभाग को मिलकर बेहतर इलाज के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की आवश्यकता है। अस्पताल में कुल 24 स्वीकृत नर्सिंग पदों में से केवल 10 पर ही कार्यरत नर्सें हैं। हाल ही में इनमें से 3 नर्सों का स्थानांतरण भी हो चुका है, जिससे हालात और भी बिगड़ गए हैं। वार्ड बॉय, सफाई कर्मचारी और स्टाफ की भी भारी कमी है, जिससे अस्पताल का पूरा व्यवस्था चरमरा गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अस्पताल केवल ढांचे और भवन तक ही सीमित रह गया है, जबकि उपचार की सुविधा नाम मात्र की रह गई है। आदिवासी बंगाली बाहुल्य क्षेत्र से मरीज इलाज के लिए आते हैं। इलाज के आभव में भटकते हैं और अंत में निजी अस्पताल की ओर रुख करते है। ग्रामीण शहरों के महंगे अस्पतालों में महंगे इलाज कराने को मजबूर होते हैं। इस अस्पताल में पहले भी डॉक्टरों की कमी को लेकर कई बार मांग पत्र सौंपे गए, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ। मरीजों को सामान्य से सामान्य बीमारी में भी रेफर कर देना आम बात बन गई है। स्थानीय सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि अस्पताल में चिकित्सकों की नियुक्ति तत्काल की जाए और विशेषज्ञ डॉक्टर, स्टाफ नर्स एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की व्यवस्था शीघ्र की जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। अस्पताल के पास पर्याप्त भवन और उपकरण होने के बावजूद यदि स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध नहीं है तो सरकार की प्राथमिकता पर सवाल खड़े होते हैं। इस संबंध में स्थानीय जन प्रतिनिधि भाजपा मंडल अध्यक्ष पखांजूर दीपांकर राय ने कहा कि प्रेस के माध्यम से जानकारी मुझे मिल रहा है। मै विधायक को सारी जानकारी दे रहा हूं जल्द से व्यवस्था को ठीक करने की कोशिश किया जाएगा।

### स्थानीय ग्रामीणों की मांग

अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भर्ती की जानी चाहिए, ताकि मरीजों को उचित इलाज मिल सके। अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ की भर्ती की जानी चाहिए, ताकि मरीजों की देखभाल की जा सके। स्वास्थ्य सेवाओं का सुधार किया जाना चाहिए, ताकि मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके। सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए और अस्पताल में डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की भर्ती के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

## हल्बा में मनाया गया संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव



**चारामा।** संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव संकुल हल्बा में में मनाया गया। मुख्य अतिथियों के द्वारा नव प्रवेश बच्चों को तिलक वंदन स्वागत के साथ स्कूल यूनिफॉर्म एवं पाठ्यपुस्तक वितरण किया और बच्चों से कहा कि आप सभी भारत के भविष्य हैं। अच्छा से पढ़ाई लिखाई कर अपने माता-पिता स्कूल गांव के साथ देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, अध्यक्षता सुशीला तारम, विशिष्ट अतिथि तेजेश्वरी सिन्हा, जागेश्वरी भास्कर, देवबत्ती मरकाम, रेणुका सिन्हा, अरुण मरकाम, हेम मंडावी, परमानंद साहू, मनोज जैन, काशी राम जैन, महंत टांडिया, चित्रसेन साहू, हजारी प्रसाद सिन्हा, कांति कवाची, ब्रम्हा मरकाम, पन्ना दुर्गाशी, प्राचार्य देवसिंग दिवान, संकुल समन्वयक महेश जैन, संकुल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालक एवं सभी पंचायत प्रतिनिधि हल्बा उपस्थित रहे।

## छग स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोइया संघ का त्रिदिवसीय धरना होगा 28 से




**बासनवाही।** छग स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोईया संघ जिला इकाई द्वारा प्रांतीय आव्हान पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में कार्यरत रसोईया 28 से 30 जुलाई तक तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन जिला मुख्यालय के मेलाभाटा नए बस स्टैण्ड में करने के पश्चात अंतिम दिवस रैली निकालकर तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगे। मांगों में प्रमुख रूप से रसोईया को कलेक्टर दर पर पारिश्रमिक दिया जाए, 50 प्रतिशत घोषणा लागू किया जाए व रसोईयों को काम से निकालना बंद किया जाए। उक्त जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष दयाल प्रसाद नाग, उपाध्यक्ष ललेश यादव, सचिव मिलाप बघेल व संरक्षक सविता मानिकपुरी, जिला प्रवक्ता पंकज प्रामाणिक, जिला सलाहकार सरिता सागर, कोषाध्यक्ष सिपरा ने बताया कि तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए जिले के समस्त ब्लाकों नरहरपुर, कांकेर, भानुप्रतापपुर ,कोयलीबेड़ा, चारामा, दुर्गूकोंदल, अंतागढ़ ब्लाकों के रसोईया उपस्थित रहेंगे।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त



बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
TEAM CREATIVE
भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम-दानीटोला, पोस्ट-भैसबोड़
तहसील-डौंडी, जिला-बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200

# दुर्गुकोंदल कोदापाखा मार्ग पर धान थरहा रोपाई कर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



दुर्गुकोंदल कोदापाखा मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे है एवं मरम्मत की मांग के बाद भी जिला प्रशासन के द्वारा मरम्मत कार्य नहीं कराया गया, जिससे आक्रोशित क्षेत्रवासियों ने सड़क के गड्ढों में जमा पानी और दल दल में धान थरहा रोपाई कर विरोध प्रदर्शन किया। सड़क जर्जर होने के कारण आवागमन करने में परेशानी हो रही थी। क्षेत्रवासी शासन प्रशासन की सुस्त रवैये से आक्रोशित हैं।

ग्रामीण दीपक कल्लो, रूपेश जैन, सुभाष दुग्गा, क्रष्णा कल्लो, सवित कल्लो ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से दुर्गुकोंदल से कोदापाखा मार्ग पर सड़क बनी है। पहले यह सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग की सड़क थी व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से डामरीकरण घटिया स्तर की हुई, जिससे सड़क बनने के बाद से सड़क उखड़ गई। हम क्षेत्रवासी ने मरम्मत की मांग किया, लेकिन विधायक, सांसद व कलेक्टर ने ध्यान नहीं दिया। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर कोदापाखा में कलेक्टर ने जल्द सड़क मरम्मत कराने की आश्वासन दिया था, लेकिन कलेक्टर के आश्वासन के बाद भी मरम्मत नहीं हुआ, जिसके बाद लगातार ज्ञापन के माध्यम से मरम्मत की आवाज उठाते रहे। जगह-जगह सड़क में मौजूद गड्ढों से आवागमन में हो रही परेशानियों से त्रस्त होकर गड्ढों में धान के थरहा रोपाई कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान लव नेताम, अभिषेक कोमरा, नरेंद्र कोमरा, सागर कोमरा, दिनेश दुग्गा, अनेक नेताम, नवीन दुग्गा, संदीप दुग्गा, भारत सलाम सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

एनएमडीसी एनएमडीसी
NMDC NMDC
**एनएमडीसी लिमिटेड**
**बैलाडिला लौह अयस्क खान बचेली कॉम्प्लेक्स**
**पोस्टः बचेली, जिलाः दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)**

**बीएससी नर्सिंग कोर्स हेतु ऑनलाइन प्रवेश सूचना- 2025**
**(केवल अजजा छात्राओं हेतु)**

एनएमडीसी के नैगमिक सामाजिक दायित्व (CSR) के तहत बालिका शिक्षा योजना अंतर्गत बस्तर क्षेत्र के इच्छुक गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले आदिवासी **(अजजा)** छात्राओं को अपोलो स्कूल ऑफ नर्सिंग, किम्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग, तथा यशोदा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, हैदराबाद में बीएससी (B.Sc) नर्सिंग (04 वर्षीय) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु न्यूनतम 17 वर्ष अधिकतम 35 वर्ष से कम उम्र की आवेदिकाओं से आवेदन आमंत्रित किये जाएंगे। इन पाठ्यक्रमों में कुल 110 सीटें है, चयनित छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जायेगी ।

**योग्यताः**
**बीएससी (नर्सिंग):**
1. 12वीं में विज्ञान विषयों में (भौतिक, रसायन एवं बायोलॉजी) कम से कम 45 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए तथा संपूर्ण विषयों में कुल योग 45 प्रतिशत होना अनिवार्य है।
2. अंग्रेजी विषय में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
3. **बीएससी नर्सिंग में प्रवेश हेतु आवेदिकाओं का नीट (NEET) 2025 की शैक्षणिक वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।**
- अभ्यर्थियों को बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा, बस्तर, सुकमा, कोंडागांव, बीजापुर एवं नारायणपुर जिले का निवासी होना अनिवार्य है।
- परिवार की कुल वार्षिक आय रू. 72,000/- से अधिक न हो (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र 01 वर्ष (24.07.2024) से अधिक पुराना न हो)।
- यह योजना केवल (अजजा) छात्राओं के लिए मान्य है।

**आवेदन प्रक्रियाः**
1. आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। उम्मीदवारों को ऑनलाइन मोड में ही आवेदन करना होगा।
2. अभ्यर्थियों को एनएमडीसी की वेबसाइट **https://www.nmdc.co.in/careers** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है (लिंक वेबसाइट के करियर पेज पर उपलब्ध है)। लिंक 24.07.2025 को प्रातः 09:00 बजे से 07.08.2025 को शाम 05:00 बजे तक आवेदन कर सकेंगे।
3. अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में सभी आवश्यक विवरण भरने एवं उल्लेखित आवश्यक दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों को अपलोड करना अनिवार्य है, अन्यथा उनका आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।

**ऑनलाइन आवेदन के दौरान निम्नलिखित दस्तावेजों की स्कैन्ड प्रति अपलोड करना अनिवार्य**
1. 10वीं की अंक सूची
2. 12वीं की अंक सूची
3. नीट (NEET) 2025 स्कोर कार्ड
4. जाति प्रमाण पत्र (अनुसूचित जनजाति - ST, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)
5. आय प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी, 24.07.2024 से अधिक पुराना न हो)
6. निवास प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)
7. आधार कार्ड या राशन कार्ड
8. पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो
9. हस्ताक्षर (Signature)

**चयन प्रक्रियाः**
- अभ्यर्थीयों का **चयन मेरिट के आधार पर** की जाएगी।
- मेरिट के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन **दस्तावेज सत्यापन एवं चिकित्सा परीक्षण** के उपरांत किया जाएगा।

**संपर्क सहायताः ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबर/ ईमेल पर संपर्क करें: हेल्पलाइनः 7044599061 ईमेलः nmdcnisp18@gmail.com**

**महत्वपूर्ण टीपः** 1. एनएमडीसी परियोजनाओं के आस-पास के क्षेत्रों के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी तथा योग्यता के आधार पर चयन किया जाएगा।
2. चयनित अभ्यर्थियों को उल्लेखित नर्सिंग कॉलेजों का आंबटन प्रबंधन द्वारा किया जाएगा।

**वास्ते**
**सीएसआर विभाग**
**एनएमडीसी, बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स**

**खबर संक्षेप**

## हिरण मारने के मामले में 2 और आरोपी पकड़े गए



**जगदलपुर।** वन्यप्राणियों के अवैध शिकार में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दो दिन पूर्व कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में 2 शिकारियों को पकड़ा गया था। आज फिर दो पकड़ाए हैं इस तरह सभी 4 आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक संदीप बलगा ने बताया कि एसडीओ, रेंजर एवं मैदानी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे गांवों में प्रचार-प्रसार करें।

**निधन**

## मानसिंह गावड़े



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत साधुमिचगांव के निवासी 55 वर्षीय मानसिंह गावड़े का आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे, उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम साधुमिचगांव में किया गया, जिसमें ग्रामवासी व रिश्तेदार उपस्थित रहे।

### कार्रवाई: सरोना में अधिकारियों ने किसानों को दिलवाया यूरिया

# कृषि सेवा केंद्रों का औचक निरीक्षण 4 दुकानदारों को दिया गया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

■ अमानक सामग्री बेचने की शिकायत मिलने पर कृषि विभाग की कार्रवाई

खरीफ सीजन में किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद, बीज और कीटनाशक उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग के टीम द्वारा विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के कोरर क्षेत्र के कृषि सेवा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि भानुप्रतापपुर कोरर क्षेत्र के कई निजी कृषि सेवा केंद्रों पर अमानक सामग्री बेचने की शिकायत मिलने पर कृषि विभाग की टीम ने चार दुकानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार एवं उप संचालक कृषि जितेंद्र कोमरा के मार्गदर्शन में टीम द्वारा कोरर क्षेत्र के आसपास के गांवों में संचालित निजी कृषि केंद्रों निरीक्षण किया गया और दुकानों में लगे पीओएस मशीनों और स्टॉक का भौतिक सत्यापन भी किया गया। इसके साथ ही जांच के दौरान स्टॉक रजिस्टर का संधारण अपूर्ण, मूल्य सूची, मौजूदा स्टॉक, अनुज्ञप्ति पत्र का प्रदर्शन न करना, किसानों को बिल सामग्री का रसीद नहीं देना एवं तय कीमत से अधिक रेट में खाद उर्वरक बिक्री की शिकायत मिलने पर चार दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इनमें कोरर के रवि वीरू ट्रेडर्स, जय महाकाली कृषि सेवा केन्द्र, राठौर कृषि सेवा केन्द्र तथा ग्राम हेटारकसा के कलिहारी कृषि केन्द्र सम्मिलित हैं। उन्होंने बताया कि इसके पहले कई दुकानों के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही थीं और जांच में एफसीओ 1985 के उल्लंघन के प्रमाण भी मिले हैं। इस अवसर पर खाद एवं बीज उर्वरक निरीक्षक, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मौजूद थे।



### कालाबाजारी रोकने किया प्रयास



सरोना में स्थित नाग कृषि केंद्र के द्वारा किसानों से सरकारी दर 266 रुपए प्रति बोरी की जगह 1000 रुपए में यूरिया खाद बेचने की शिकायत पर कृषि विभाग ने तत्काल छापा मारकर कार्रवाई किया। सरोना के किसान जीवन साहू, खमन नेताम, बच्चन यादव, रमेश मरकाम, बेदू कश्यप सहित कई किसानों ने उप संचालक कृषि को शिकायत किया था कि नाग कृषि सेवा केंद्र के द्वारा सरकारी दरो को ठेंगा दिखाकर किसानों को चार गुना कीमत पर यूरिया बेच रहा है। यूरिया खाद की कालाबाजारी पर नकेल कसने के लिए उपसंचालक कृषि जितेंद्र कोमरा शनिवार को स्वंय सरोना के नाग कृषि केंद्र का निरीक्षण किया और किसानों को सरकारी दर 266 प्रति बोरी पर खाद उपलब्ध कराया। दुकानदार ने अपनी पत्नी की तबियत खराब होने का हवाला देते हुए रविवार एवं सोमवार को किसानों को खाद नहीं दिया गया। मंगलवार 22 जुलाई को दुकानदार के लौटने के बाद नरहरपुर ब्लॉक की कृषि विभाग की टीम और क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी ने 200 से अधिक किसानों को प्रति दो बोरी के हिसाब से सरकारी दर 266 रूपएं पर किसानों को खाद वितरित करवाया। उपसंचालक ने बताया कि किसानों को राहत देना जरूरी था और अब दुकानदार के खिलाफ नोटिस जारी किया जाएगा।

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के संभागीय सम्मेलन को लेकर बनी रणनीति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

■ जाति जनगणना व एक देश– एक चुनाव पर होगी विशेष चर्चा

भाजपा कार्यालय कमल सदन में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के संभागीय सम्मेलन को लेकर भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल की बैठक हुई, जिसमें रणनीति तैयार किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि सम्मेलन के मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, पूर्व मंत्री केदार कश्यप, संगठन मंत्री पवन साय प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। हम सभी को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी जुट जाएं और पिछड़ा वर्ग के कार्यकर्ता के घर पहुँचकर सम्मेलन में आने के लिए आमंत्रण दें। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री टेकेश्वर जैन ने कहा कि सम्मेलन में एक देश एक चुनाव व जाति जनगणना से पिछड़ा वर्ग को जो लाभ मिलेगा उस पर विस्तार से चर्चा किया जाएगा। भाजपा शहर मंडल प्रभारी जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि इस सम्मेलन को को सफल बनाने के लिए हम सभी वार्डों में जाकर सभी से बात करे व सम्मेलन में सभी को आमंत्रित करें।

**संभागस्तरीय होगा कार्यक्रम**

पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष संजय सिन्हा के कहा कि यह कार्यक्रम संभागस्तरीय है, पिछड़ा वर्ग से अधिक से अधिक लोग आएं, यह हम सभी को प्रयास करना है। आयोजित बैठक में भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन भाजपा शहर मंडल महामंत्री गिरधर यादव ने किया।




**तुरंत आराम के लिए**
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## सरस्वती शिशु मंदिर सुरही में धूमधाम से मना गुरु पूर्णिमा पर्व

**सरोना।** परंपरागत भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोपरि माना जाता है और इसी गुरु-शिष्य परंपरा के प्रति सम्मान व आभार प्रकट करने के उद्देश्य से नरहरपुर विकासखंड के सरस्वती शिशु मंदिर सुरही में गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन पूरे उत्साह व धार्मिक विधि-विधान के साथ किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में गुरुजनों के प्रति श्रद्धा, सम्मान और समर्पण का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। विद्यालय के प्रधानाचार्य तिहारूराम मरकाम के नेतृत्व में कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व ध्वजारोहण के साथ किया गया। इसके पश्चात संघ गीत का सामूहिक गायन हुआ, जिसमें विद्यालय के सभी भैया-बहन एवं आचार्य दीदी ने स्वर मिलाते हुए कार्यक्रम को एक विशेष गरिमा प्रदान की। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सभी विद्यार्थियों व आचार्यों ने गुरु पूजन कर अपने जीवन में गुरु के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। प्रधानाचार्य तिहारूराम मरकाम ने कहा कि जीवन में गुरु का स्थान सर्वोपरि है। गुरु हमारे मार्गदर्शक होते हैं, जो हमें अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं। माता-पिता भी हमारे प्रथम गुरु हैं, जिनका आदर व सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। विद्यालय के आचार्य हमें न केवल ज्ञान देते हैं, बल्कि हमें अच्छे संस्कारों व उत्तम चरित्र की शिक्षा भी प्रदान करते हैं। इस अवसर पर आचार्य उमेश मंडावी ने भी गुरु-शिष्य परंपरा की प्राचीनता और महत्ता पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु के बिना जीवन की दिशा अधूरी है, जबकि लीना देहारी दीदी ने भी विद्यार्थियों को गुरुजनों का आदर करने और उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर पवन नेताम, लीना देहारी, रामभरोश कोड़ोपी, अनिता मरकाम, रेखा नेताम, छबिलाल कुंजाम, लाकेश्वरी कुंजाम, टेश्वर निषाद सहित विद्यालय के सभी भैया-बहन व आचार्य दीदी उपस्थित रहे।



